

## एक नजर में

### अर्चना चिटनिस के प्रयासों से बुरहानपुर क्षेत्र के चार स्कूलों के निर्माण के लिए 105.75 लाख स्वीकृत



**बुरहानपुर।** बुरहानपुर विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए क्षेत्र के चार शासकीय विद्यालयों के भवन निर्माण के लिए कुल 1 करोड़ 5 लाख 75 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह स्वीकृति विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस के प्रयासों और मांग पर मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी की गई है। इस स्वीकृति के तहत बुरहानपुर विधानसभा के विभिन्न गांवों में स्थित शासकीय विद्यालयों के नए भवनों का निर्माण कराया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर और सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण मिल सकेगा।

श्रीमती अर्चना चिटनिस ने बताया कि बुरहानपुर विधानसभा अंतर्गत प्राथमिक शाला मोरझिरा, प्राथमिक शाला मैथा, प्राथमिक शाला मलफ्तपुरा तथा हिंदी शासकीय माध्यमिक शाला सिंधीपुरा के भवन निर्माण के लिए राशि स्वीकृत की गई है। इनमें प्राथमिक शाला मोरझिरा, प्राथमिक शाला मैथा और प्राथमिक शाला मलफ्तपुरा के लिए प्रत्येक विद्यालय हेतु 18.25 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है, जबकि हिंदी शासकीय माध्यमिक शाला सिंधीपुरा के भवन निर्माण के लिए 51 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इन सभी कार्यों के लिए कुल 105.75 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है।

विधायक चिटनिस ने इस स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए मजबूत बुनियादी ढांचा अत्यंत आवश्यक है। नए स्कूल भवनों के निर्माण से विद्यार्थियों को सुरक्षित, सुविधाजनक और बेहतर वातावरण में अध्ययन करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि बुरहानपुर विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र को प्राथमिकता देते हुए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों को भी बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं मिल सकें। नए भवनों के निर्माण से संबंधित विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को काफी लाभ मिलेगा तथा लंबे समय से भवन संबंधी समस्याओं का समाधान हो सकेगा। यह निर्णय क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के साथ-साथ बुरहानपुर विधानसभा के सर्वांगीण विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि बुरहानपुर विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के अन्य शासकीय विद्यालयों के भवन निर्माण के लिए भी प्रस्ताव मध्यप्रदेश शासन को भेजे जा चुके हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन प्रस्तावों को भी शीघ्र स्वीकृति प्राप्त होगी। इससे आने वाले समय में बुरहानपुर विधानसभा क्षेत्र के और अधिक विद्यालयों में आधुनिक एवं सुविधायुक्त भवनों का निर्माण हो सकेगा तथा विद्यार्थियों को बेहतर और सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध होगा।

### विश्व किडनी दिवस पर ऑल इज़ वेल बुरहानपुर में जागरूकता कार्यक्रम



**बुरहानपुर।** निमाड़ क्षेत्र के सबसे बड़े मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ऑल इज़ वेल बुरहानपुर द्वारा विश्व किडनी दिवस के अवसर पर शुक्रवार 13 मार्च को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को किडनी से संबंधित बीमारियों और उनकी रोकथाम के बारे में जागरूक करना था। इस अवसर पर हॉस्पिटल के सुप्रसिद्ध किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. मधुर मनियार ने किडनी की सुरक्षा विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि किडनी के मरीजों में यदि नियमित रूप से सप्ताह में तीन बार डायलिसिस कराया जाए, तो कई जटिलताओं को टाला या देर से होने दिया जा सकता है। साथ ही उन्होंने किडनी ट्रांसप्लांट को भी एक प्रभावी उपचार विकल्प बताया और इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. मनियार ने विशेष रूप से डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों को सावधानी बरतने की सलाह दी क्योंकि ये दोनों बीमारियां किडनी पर सीधा असर डालती हैं। उन्होंने संतुलित आहार, नियमित जांच और समय पर उपचार को किडनी की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किडनी रोगी और उनके परिजन उपस्थित रहे। सभी ने विशेषज्ञों से किडनी संबंधी समस्याओं और उनके उपचार के बारे में जानकारी प्राप्त की। यह कार्यक्रम ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे जी के दिशा-निर्देशन में आयोजित किया गया।

### नि:शुल्क मूत्र-किडनी रोग शिविर का आयोजन



**बुरहानपुर।** ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल बुरहानपुर द्वारा 12 मार्च गुरुवार को विश्व किडनी दिवस पर ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल बुरहानपुर में नि:शुल्क मूत्र एवं किडनी रोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 60 से अधिक मरीजों ने शिविर का लाभ उठाया। शिविर में ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के वरिष्ठ मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रशांत खैरनार एवं डॉ. पृथ्वीराज गोमसाले के द्वारा मूत्र रोग एवं पथरी से होने वाली स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं के लिए नि:शुल्क परामर्श दिया गया। सभी मरीजों को मौसमी विकारों से बचने एवं सुरक्षित रखने की सलाह दी। सभी मरीजों का निःशुल्क यूरोफ्लोमेट्री एवं सोनोग्राफी की जाँच की गई। ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे जी के दिशा निर्देश में एवं ऑल इज वेल हॉस्पिटल स्टाफ के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया।

### सूचना का अधिकार के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण



**बुरहानपुर।** शासन के निर्देशानुसार सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के संबंध में दो दिवसीय जिलास्तरीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। ई.दक्ष केंद्र में आयोजित प्रशिक्षण में विभिन्न विभागों के लोक सूचना अधिकारी सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं आरटीआई शाखा प्रभारी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के प्रथम एवं द्वितीय बैच में करीबन 45 अधिकारियों.कर्मचारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। वरिष्ठ प्रशिक्षक श्री गुलाम गौस ने बताया कि सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 में कुल 31 धाराऐं 06 अध्याय एवं 02 अनुसूचियाँ है। ऑनलाईन आरटीआई पोर्टल पर आवेदन के संबंध में संपूर्ण जानकारी दी गई एवं लोक सूचना अधिकारी सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं आरटीआई शाखा प्रभारी के प्रत्येक लॉगिन से संबंधित संपूर्ण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में आयुष विभाग एवं लोक सेवा प्रबंधन विभाग, जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

# सीएम डॉ. यादव के कार्यक्रम की कलेक्टर-एसपी ने देखी व्यवस्था

### 1676 करोड़ की नावथा डैम परियोजना के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव करेंगे भूमिपूजन



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर / नेपानगर।** सीएम डॉ मोहन यादव रविवार को नेपानगर आएंगे। उनके आगमन के लेकर तैयारियों का दौर जारी है। शुक्रवार को कलेक्टर हर्ष सिंह, एसपी देवेंद्र पाटीदार ने नेपानगर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

गौरतलब है कि सीएम का दौरा रविवार को प्रस्तावित है। इसकी जानकारी लगती है पिछले तीन दिनों से नेपानगर में तैयारियों का दौर चल रह है। सीएम यहं 1676 करोड़ की नावथा डैम परियोजना का भूमिपूजन करने वाले है। इसके अलावा वह अन्य निर्माण कार्यों का भी भूमिपूजन और लोकार्पण करेंगे। शुक्रवार को तैयारियों का जायजा लेने के लिए पुलिस और प्रशासनिक अफसरों का यहां आना जाना लगा रहा।

**बैठकों का भी दौर जारी, भव्य स्वागत की तैयारी:**-सीएम के आगमन को लेकर नेपानगर में भव्य तैयारी जारी है तो वहीं उनका भव्य रूप से स्वागत करने के लिए बैठकें भी आयोजित की जा रही है। नेपानगर विधायक मंजू दादू और भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने ने भाजपा नेताए कार्यकर्ताओं की बैठक ली। जिला, मंडल मोर्चा से लगाकर बूथ स्तर तक के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं से संपर्क, बैठक लेकर सीएम के कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हैं।

**जन सुविधा केंद्र में हुई बैठक:**-गुरुवार को विधायक जन सुविधा केंद्र खकनार में भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ मनोज माने, नेपानगर विधायक मंजू दादू की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई जिसमें कार्यक्रम को भव्य और ऐतिहासिक बनाने पर मंथन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए नेताद्वय ने कहा कि जिले का दूसरा व नेपानगर क्षेत्र में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का यह प्रथम आगमन है इसलिए यह कार्यक्रम पूरे क्षेत्र के विकास को पर लगाने वाला साबित होगा। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियोंए पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पूरी ऊर्जा और उत्साह के साथ कार्यक्रम की तैयारियों में लग जाए ताकि मुख्यमंत्री का स्वागत भव्य और यादगार बन सके।

**अनेकों विकास कार्यों की मिलेगी सौगात : विधायक मंजू दादू**

विधायक मंजू दादू ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं को अलग अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं और सभी से समन्वय के साथ कार्य करने का आग्रह किया गया है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने नेपानगर क्षेत्र में अनेको विकास कार्यो का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेगें। बैठक में वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदीप जाधव, जिला पंचायत अध्यक्ष गंगाराम मार्को, भाजपा जिला महामंत्री संजय जाधव, ईश्वर चौहान, भाजपा नेता गजेंद्र पाटील, जिला मंत्री सुनिल वाघ, महामंत्री सुभानसिंह चौहान, जिला पंचायत सदस्य अदि मौजूद थे।

# एचपीवी टीकाकरण के संबंध में मीडिया कार्यशाला



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** जिले से लेकर प्रदेश सहित समूचे देश मे चलाये जा रहे एचपीवी ;ह्यूमन पैपिलोमा वायरस टीकाकरण अभियान को लेकर शुक्रवार को एनएचएम हॉल बुरहानपुर में मीडिया कार्यशाला हुई।

डॉ. वायबी शास्त्री ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीका एक सुरक्षा कवच हैए 14 से 15 वर्ष की किशोरियों को यह वैक्सीन लगाकर कैंसर के जोखिम को खत्म किया जा सकता है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आर.के.वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में 512 बालिकाओं को सुरक्षा कवच लगाये जा चुके है। अभिभावकों की सुविधा के लिए ऑनलाईन और ऑफलाईन दोनों पंजीयन के विकल्प उपलब्ध है। माता.पिता यूविन पोर्टल के माध्यम से अपनी बेटियों का ऑनलाईन पंजीयन कर स्लॉट बुक कर सकते है। स्वास्थ्य विभाग ने आव्हान किया है कि किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दे यह वैक्सीन सुरक्षित और प्रभावी है। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.पूनम सिंघाल ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर मुख्य रूप से एचपीवी वायरस के संक्रमण से होता है किशोरियो को इस संकमण से बचाने के लिये 14.15 वर्ष की उम्र में यह टीका लगाने से महिलाओ के 30 साल तक शरीर में वायरस के खिलाफ एंटीबॉडी विकसित हो जाती है जिससे संक्रमण नहीं हो पाता है।

# 52,129 किसानों को मिली पीएम निधि



**नवभारत न्यूज**
**बुरहानपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को देश के हितग्राही किसानों के खातें में पीएम किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 22वीं किस्त अंतरित की। इस उपलक्ष्य में जिला पंचायत सभाकक्ष बुरहानपुर में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित रहा।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम का लाईव प्रसारण अधिकारियों-कर्मचारियों एवं लाभार्थियों द्वारा देखा व सुना गया। इस अवसर पर विकासखण्ड एवं ग्राम पंचायत स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित रहे। भू.संसाधन प्रबंधन विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार योजना अंतर्गत 22वीं किस्त का लाभ जिले के 52, 129 किसान परिवारों को मिला। जिसके तहत करीबन 100.32 करोड़ रूपये की राशि अंतरित की गयी।

# नेपानगर में मुख्यमंत्री को संयुक्त मोर्चा सौंपेगा ज्ञापन



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** मध्य प्रदेश कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर संतोष सिंह दीक्षित ने मध्य प्रदेश सरकार से निवेदन किया है कि शिक्षक पात्रता परीक्षा 2009 अधिनियम संबंधी आदेश के विरुद्ध शिक्षकों के हित में सुप्रीम कोर्ट में इस तानाशाही फैसले की विरुद्ध अपील करना चाहिए ,सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर शासन को अपने स्तर पर निर्णय लेना है इसको लेकर पहले प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री मोहन यादव मध्य प्रदेश शासन से बात की जाएगी। यदि बात नहीं बनती है तो सुप्रीम कोर्ट जाएंगे।

उपरोक्त जानकारी देते हुए ठाकुर संतोष सिंह दीक्षित ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर प्राइमरी और मिडिल स्कूलों के सभी शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा अध्ययन करना अनिवार्य हैए यदि शिक्षक उत्तीर्ण नहीं होते तो उन्हें अनिवार्य सेवानिवृत्ति दे जाएगी इस मामले में संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष डॉक्टर अशफाक खान का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दायर करने का निर्णय समस्त संगठनों से मिलकर किया जाएगा, शिक्षक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र चौकसे का कहना है कि प्राथमिकए माध्यमिक विद्यालय में पडाने वाले अध्यापकों को 2 वर्षों में शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य है ,यदि निर्धारित अवधि में शिक्षक परीक्षा नहीं करते हैं एवं उनकी सेवानिवृत्ति में 5 वर्षों से अधिक का समय शेष हो तो ऐसे शिक्षकों को स्वयं सेवानिवृत्ति होने अथवा अनिवार्य सेवानिवृत्ति प्रदान किया जाएगा।

नेशनल मूवमेंट के अनिल बाविस्कर, बृजेश राठौर का कहना है कि पात्रता परीक्षा के आदेश ने प्रदेश के लाखों शिक्षकों को बेचैन, हथभ्रत एवं भये ग्रस्त कर दिया है।

सर्वोच्च न्यायालय के पारित आदेश के क्रियान्वयन के लिए डीपी आई की जल्दबाजी गौर करने लायक है जबकि माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली एवं उच्चतम न्यायालय, जबलपुर द्वारा पुरानी पेंशन, ग्रेजुएटी तथा अन्य विषय के लिए अनेक शिक्षक हितेषीय आदेश अथवा मार्गदर्शन दिए गए हैं, उन पर कभी भी शासन ने रुचि नहीं ली, किंतु पात्रता परीक्षा वाले आदेश पर तत्परता दिखा दी, शिक्षक का जीवन ही परीक्षा होता है वह किसी परीक्षा से भयभीत नहीं होता किंतु परीक्षा का स्वरूप मानवीय एवं प्राकृतिक होना चाहिए क्रियान्वयन के लिए आतुरता शिक्षकों के प्रति शासन के वास्तविक भाव को दर्शाता है।

# नि :शुल्क चिकित्सा शिविर : स्वास्थ्य सेवाओं से लोग लाभान्वित



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** कलेक्टर हर्ष सिंह के निर्देशन में आयुष विभाग के आयुष्मान आरोग्य मंदिर देड़तलाई द्वारा ग्राम पिपलपानी में नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में करीबन 42 ग्रामीणों व विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर औषधियां वितरित की गयी।

जिला आयुष अधिकारी डॉ.कविता गढ़वाल ने बताया कि शिविर में सर्दी.खांसी, संधिशूल, कमर दर्द, गैस, कब्ज, एलर्जी, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, त्वचा रोग एवं सामान्य कमजोरी जैसे रोगों की जांच की गई। उपस्थित नागरिकों को वर्तमान मौसम को ध्यान में रखते हुए गर्मी से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियाँ एवं उपाय बताए गए। उन्हें बताया गया कि गर्मी के मौसम में शरीर में पानी की कमी, लू लगना, थकान, चक्कर आना, सिरदर्द जैसी समस्याएँ अधिक हो सकती हैं, इसलिए इनसे बचाव के लिए कुछ सरल उपाय जैसे दिनभर में पर्याप्त मात्रा में पानी पीना, धूप में बाहर निकलते समय सिर को कपड़े, टोपी या छाते से ढंकना, हल्का सुपाच्य भोजन लेना, मौसमी फलों का सेवन आदि उपाय बताए गए।

**आयुर्विद्या कार्यक्रम एवं बालिकाओं के लिए एचपीवी वैक्सीन काउंसलिंग:**-इस अवसर पर आयुष जन स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत बच्चों में आयुर्वेद के प्रति जागरूकता बढ़ानेए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने हेतु प्रेरित करने तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयुर्विद्या कार्यक्रम भी आयोजित रहा। कार्यक्रम में करीबन 70 से अधिक विद्यार्थियों द्वारा सहभागिता की गयी। वही बालिकाओं की एचपीवी वैक्सीन के संबंध में काउंसलिंग भी की गई। बालिकाओं को बताया गया की निर्धारित एवं उचित आयु में यह वैक्सीन लगवाने से भविष्य में सर्वाइकल कैंसर होने की संभावना काफी हद तक कम हो जाती है। साथ ही व्यक्तिगत स्वच्छता तथा नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई।

# सिलेंडर के भाव में बढ़ोतरी और किल्लत को लेकर युवक कांग्रेस का विरोध

**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** देशभर में सिलेंडर के भाव में हुई वृद्धि एवं किल्लत को लेकर युवक कांग्रेस बुरहानपुर के अध्यक्ष ठाकुर देवेश्वर सिंह के नेतृत्व मैं शनवारा चौराहे पर सिलेंडर को पुष्पमाला पहनाकर उसकी अर्थी निकाली गई। साथ ही शहर के विभिन्न होटल पर सिलेंडर की अर्थी ले जाकर संचालकों से गैस की किल्लत एवं मूल्य में वृद्धि को लेकर आ रही परेशानियों के संबंध में चर्चा की। इस दौरान यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष ठाकुर देवेश्वर सिंह,जिला अध्यक्ष अर्जुन जंगले,पूर्व पार्षद के.डी.पटेल, कांग्रेस प्रवक्ता निखिल खंडेलवाल, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष सरिता भगत, जिला अध्यक्ष सोहराब कुरैशी,अश्विन पाटील,अजय ठाकुर, कुणाल पवार,असलम पार्षद ए इमरान भाई, दानिश, आकाश कनौसिया आदि कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# राज्य कर्मचारी संघ की जिला इकाई ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

### अभी तो अंगड़ाई है आगे और लड़ाई है...नारों के साथ गूंज उठा परिसर



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** सुप्रीम कोर्ट के फैसले की आड में प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षकों को टीईटी परिक्षा की आग में झोकने के फैसले के खिलाफ मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय आव्हान पर 13 मार्च को सायं 5 बजे जिला कलेक्टर प्रतिनिधि बुरहानपुर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिले के शिक्षक कलेक्टर परिसर में एकत्रित हुए। शिक्षकों ने नारे लगाते हुए कहा कि अभी तो यह अंगड़ाई है आगे और लढाई है परिसर से गुंज उठाष्द्य टीईटी परिक्षा का निर्णय वापस लो वापस लो।

6 सुत्रिय ज्ञापन का वाचन जिला सचिव कैलाश राठौड़ ने किया। उन्होने बताया कि शिक्षक पात्रता परीक्षा अनिवार्य रूप से शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 23;1 के तहत अनिवार्य की गई है, जो भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 क नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार को लागू करने के लिए शिक्षकों की न्यूनतम योग्यता निर्धारित करती है। राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद ने इस कानून के तहत कक्षा 1 से 8 तक के शिक्षकों के लिए अनिवार्य बनाया है जिसमें संवैधानिक आधार,अनुच्छेद 21. ।, जो 6.14 वर्ष के बच्चों के लिए मुफ़्त और अनिवार्य शिक्षा की गारंटी देता है तथा इसमें आरटीई एक्ट 2009 की धारा 23,एनसीटीई अधिसूचना 31 मार्च 2010, 23 अगस्त 2010 एवं अधिसूचना 29 जुलाई 2011 के अनुसार ही टीईटी को प्राथमिक स्तर ;कक्षा 1.5 और उच्च प्राथमिक स्तर ;कक्षा 6.8 के लिए योग्य होने के लिए अनिवार्य किया गया था।

2009 से पूर्व भी शिक्षकों की भर्ती हो चुकी थी तथा आरटीई एक्ट 2009 में लागू हुआ है, तब ऐसे में 2009 तक नियुक्त शिक्षकों पर यह नियम किस प्रकार लागू होता है। लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के उक्त संदर्भित पत्र जो जल्दबाजी मे जारी किया गया है से प्रदेश के लगभग 3,00,000 /-तीन लाख शिक्षकों में भय एवं रोष व्याप्त हो रहा है।

म प्र शासन द्वारा संदर्भित पत्र पर रोक नहीं लगाने एवं माननीय उच्चतम न्यायालय में रिव्यू पिटीशन नहीं लगाने की दशा में शिक्षक संवर्ग के हित संरक्षण हेतु म प्र राज्य कर्मचारी संघ को उच्चतम न्यायालय मे पुनरीक्षण याचिका दायर करने हेतु बाध्य होना पड़ेगा। उपरोक्त बिन्दुओं पर विचार कर उच्चतम न्यायालय में पुनरीक्षण याचिका दायर करने हेतु आवश्यक कार्यवाही की आपसे अपेक्षा है।

मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय चौधरी संभागीय सचिव संजय सिंह गहलोत, जिला अध्यक्ष सुनीता महाजन, संगठन मंत्री दिलीप इंगले, नेपानगर, खकनार, धुलकोट क्षेत्र के पदाधिकारी, महिला प्रतिनिधि सहित अन्य संगठन के पदाधिकारी भी उपस्थित रहें।

**एक नजर** मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेपानगर दौरे को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. माने ने ली सघन बैठक...

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेपानगर दौरे को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को कर रहे सक्रिय

### सीएम बनने के बाद पहली बार आएंगे डॉ. मोहन यादव



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ.मोहन जी यादव के 15 मार्च को बुरहानपुर जिले के नेपानगर में प्रस्तावित दौरे को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने, जनप्रतिनिधियों और जिला, मंडल से लगाकर बुथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर रहे है। वही लगातार सघन बैठक का दौर भी जारी है।

भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने ने गताया कि केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकार निरंतर रूप से आम जनता की समस्याओं को हल करने में लगी हुई है। प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मुल मंत्र पर समग्र विकास की नई ईबारत लिख रहे है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन जी यादव का अल्प समय में जिले का यह दुसरा दौरा है और वे बुरहानपुर के समान नेपानगर के विकास कार्यो का भूमि पूजन एवं लोकार्पण करेगें। साथ ही नई सौगाते भी देगें। इस कार्यक्रम को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने ने जिले के भाजपा जनप्रतिनिधीयों, जिला,मंडल ,मोर्चा से लगाकर बुथ स्तर तक पदाधिकारीयों एवं कार्याकर्ताओ से संपर्क एवं बैठक लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे है।

गुरुवार को विधायक जन सुविधा केंद्र, खकनार में भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज जी माने एवं नेपानगर विधायक मंजू दादू की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम को भव्य और ऐतिहासिक बनाने पर मंथन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए नेता द्वय ने कहा कि जिले का दुसरा एवं नेपानगर क्षेत्र में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का यह प्रथम आगमन है। इसलिए यह कार्यक्रम पूरे क्षेत्र के विकास को पर लगाने वाला साबीत होगा।

उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पूरी ऊर्जा और उत्साह के साथ कार्यक्रम की तैयारियों में लग जाए, ताकि मुख्यमंत्री का स्वागत भव्य और यादगार बन सके।

### पार्टी कार्यकर्ताओं को सौंपी अलग-अलग जिम्मेदारी



विधायक मंजू दादू ने कहा कि यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ.मोहन जी यादव के कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को अलग.अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं और सभी से समन्वय के साथ कार्य करने का आग्रह किया गया है। उल्लेखनिय है कि माननीय मुख्यमंत्री ने नेपानगर क्षेत्र में अनेको विकास कार्यो का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेगें। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ.मनोज माने, वरिष्ठ भाजपा नेता श्री प्रदीप जी जाधव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री गंगाराम माको, भाजपा जिला महामंत्री श्री संजय जी जाधव द्वय श्री ईश्वर जी चौहान, भाजपा युवा नेता श्री गजेंद्र जी पाटील, जिला मंत्री सुनिल जी वाद्य,पूर्व महामंत्री श्री सुभनसिह जी चौहान जिला पंचायत सदस्यगण थे, सभी ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जुट जाने की बात कही।